द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु निर्देश

1— द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु निर्मित मेरिट लिस्ट अन्तिम सूची होगी, जिसका प्रकाशन दिनांक 17.4.2018 को किया जा चुका है। द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग का आवंटन उक्त सूची से किया जाएगा।

2— सीट अपग्रेडेशन हेतु प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को च्वाइस फिलिंग के पश्चात् च्वाइस लॉक करना अनिवार्य होगा। च्वाइस लॉक न करने की स्थिति में अपग्रेड की प्रक्रिया नही जायेगी। पूर्व की काउन्सिलिंग से आवंटित सीट यथावत बनी रहेगी।

3— ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें प्रथम चक्र की काउसिलिंग से कोई सीट आवंटित नहीं हुई है अथवा नया पंजीकरण कराया है, ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को भी च्वाइस भरने के बाद च्वाइस लॉक करना अनिवार्य होगा। लॉक न करने की स्थिति में काउंसिलिंग प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा और इसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

4— प्रथम काउन्सिलिंग से आवंटन प्राप्त ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा निर्धारित नोडल सेन्टर पर उपस्थित होकर प्रवेश नहीं लिया गया या आवंटन पत्र डाउनलोड नही किया गया है ऐसे अभ्यर्थियों को द्वितीय चक्र की काउंन्सिलिंग मे प्रतिभाग करने हेतु निर्धारित समय—सारिणी के अनुसार पुनः सिक्योरिटी धनराशि जमा करना अनिवार्य है।

5— ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम चक्र की काउंसिलिंग हेतु पंजीकरण कराया था तथा सिक्योरिटी फीस न जमा होने के कारण काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं कर सके थे, को निर्धारित समय—सारिणी के अनुसार सिक्योरिटी फीस जमा कर द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते है।

6— ऐसे अभ्यर्थी जो सीट अपग्रेड करना चाहते है, सीट अपग्रेड होने के पश्चात उनकी पूर्व आवंटित सीट स्वतः ही निरस्त हो जाएगी।

7— उत्तर प्रदेश राज्य की प्रथम काउंसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थियों को छोड़कर सभी अभ्यर्थियों को आवश्यक मूल प्रमाण पत्र व आवंटित कालेज की ट्यूशन फीस का ड्राफ्ट जो **DIRECTOR GENERAL, MEDICAL EDUCATION AND TRAINING UP, LUCKNOW** के नाम देय होगा, नोडल सेन्टर पर जमा करना अनिवार्य होगा।

8— पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के आवंटित समस्त अभ्यर्थी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण—पत्र तथा सी0एम0ओ0 द्वारा प्रदत्त कार्यमुक्त प्रमाण—पत्र दिनांक 30.4.2018 तक संबंधित मेडिकल कालेजो मे जमा करना अनिवार्य होगा।

9— यू0पी0 नीट पी0जी0—2018 की प्रथम काउंसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी यदि अपनी सीट से त्याग पत्र देना चाहता है तो दिनांक 23.4.2018 को सांय 4.00 बजे तक संबंधित नोडल सेन्टर पर जाकर त्याग पत्र दे सकता है।

10. सत्र 01 मई 2018 से प्रारम्भ होगा।